# 16वें दिन 190 नए पाजिटिव केस और चार की मौत

## कोरोना से जंग ● सक्रिय मरीज 3400 पार, फीवर क्लीनिक पर लग रही जांच करवाने वालों की भीड़

17/5/21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की दूसरी लहर में लगातार अलग-अलग क्षेत्रों से संक्रमित सामने आ रहे हैं। हालांकि बीते एक सप्ताह से पाजिटिव केस में कमी आई है, वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मई माह के पहले सप्ताह में जहां 300 से अधिक नए संक्रमित केस सामने आ रहे थे, वहीं अब 200 से अधिक आ रहे हैं। जिला अस्पताल के फीवर क्लीनिक पर जांच करवाने वालों की भीड़ लग रही है। मई माह के 16वें दिन रविवार को 190 नए पाजिटिव केस सामने आए। चार की मौत भी हुई। 344 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3434 है। मई के 16 दिनों में 5222 नए संक्रमित सामने आए और 3615 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 73 की मौत हुई। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी घटकर 500 पर आ गई है।

**नान आक्सीजन वाले 59 बेड खाली**

शासकीय मेडिकल कालेज में रविवार को 45 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से 83 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 491 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 329 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 59 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 6376, डिस्ट्रीब्यूटेड 1437, कन्ज्यूम्ड 4711, करंट स्टाक 228 है।




**जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पाजिटिव | 16034 |
| स्वस्थ हुए | 12333 |
| मौत | 267 |
| एक्टिव मरीज | 3434 |



● कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच करवाएं। वैक्सीन लगवाने के साथ ही मुंह पर हमेशा मास्क लगाकर रखें। जब भी जरूरी काम होने पर बाजार में आए तो कोविड-19 के नियमों का पालन कर कोरोना की चेन तोड़ने में प्रशासन को सहयोग करें।

**- डा. महेश पाटीदार, मेडिकल आफिसर, शासकीय मेडिकल कालेज रतलाम**



● कोरोना को हराना है तो हमारी सोच हमेशा पाजिटिव होना चाहिए। नकारात्मक विचार हमारी इम्युनिटी को कमजोर कर रहे है। संक्रमण से बचाव के लिए कोविड-19 की गाइड-लाइन का पालन जरूरी है। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले। मास्क लगाकर दो गज की दूरी का पालन करें।

**- अंजू रांका, भाजपा नेत्री, आलोट**

● मास्क के बिना कोरोना संक्रमण से बचना असंभव है। मास्क के साथ-साथ जब भी हम घर से बाहर निकले, तब दो गज की दूरी का पालन करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे। नंबर आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाए।



**-अंजू मेहता, गृहिणी, आलोट**



● शहर से लेकर गांव तक कोरोना के मरीज बढ़ते जा रहे है। विशेष रूप से ग्रामीणों में जागरूकता की कमी की वजह से यह स्थिति बनी है। राज्य सरकार हर संभव ग्रामीणों की मदद कर रही है। इस समय मास्क ही सबसे बड़ा हथियार है जो आपको कोरोना होने से बचा सकता है।

**- अजय भाटी, सदस्य जिला योजना समिति, जावरा**



● जल्द ही कोरोना से जंग में भारत को आशातीत सफलता मिल जाएगी। इसके लिए केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। साथ ही हमें अपने आप को सकारात्मक रखते हुए अपनी सुरक्षा खुद करके सरकार और प्रशासन को सहयोग देना होगा। **- उज्ज्वल भंडारी, समाजसेवी, चूड़ी बाजार जावरा**



● कोरोना संक्रमण काल में सुरक्षित रहने के लिए एक-दूसरे से हाथ व गले मिलने से बचे। दूरी बनाकर अपना कार्य करें। भीड़ में जाने से बचे। हमेशा मास्क पहनें। पूर्ण सुरक्षा के लिए दोनों टीके लगवाना जरूरी है। गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करें।

**- अभिषेक बोरदिया, समाजसेवी, शुक्रवारिया जावरा**



● यदि आप कोरोना संक्रमित है तो अपनी जीवटता, दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मकता के बल पर कोरोना को हरा सकते है। पौष्टिक आहार लें। नियमित योग प्राणायाम करें। मास्क लगाएं। घर में रहें-सुरक्षित रहें। इसी में आपकी व परिवार की भलाई है। **- आयुषी अग्रवाल, छात्रा, गुरुनानक मोहल्ला जावरा**

नई दुनिया
17-5-2021

**दूसरी लहर की सुखद खबर** • जिले में 8 दिन से कम हो रहे मरीज, अब पॉजिटिव से ज्यादा मरीज ठीक होकर घर पहुंच रहे

# 64 दिन बाद वेटिंग एरिया के 15 बेड खाली, रविवार को मिले 190 पॉजिटिव, 344 ठीक


भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-5-21


कोरोना की दूसरी लहर में सबसे बड़ी सुखद खबर 64 दिन बाद मिली है। रविवार को मेडिकल कॉलेज में मरीजों की वेटिंग नहीं रही... आलम ऐसा था कि पहली बार कॉलेज के ट्राएज एरिया यानी प्राथमिक चिकित्सा वार्ड के 15 बेड पूरे खाली रहे। ट्राएज एरिया वह क्षेत्र है जहां मरीजों को प्राथमिक तौर पर शिफ्ट किया जाता है, इसके बाद वार्ड में भेजते हैं। इधर, हमारे जिले में अब ऐसे ही मरीज कम होते रहे तो... 8 मई को पीक आ चुका है, इस दिन 398 मरीज मिले थे, जो अब तक के सर्वाधिक थे।

आपको जिस सुखद खबर का इंतजार है, अब वह अब सामने आने लगी है। सबसे बड़ी राहत की बात तो यह है कि मेडिकल कॉलेज में रविवार को भर्ती होने के लिए मरीजों को इंतजार नहीं करना पड़ा। कॉलेज का ट्राएज एरिया पूरी तरह खाली रहा। जबकि कॉलेज में भर्ती होने के लिए ट्राएज के बाहर भी तीन दिन पहले तक दो घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा था। वहीं करीब 10 दिन पहले तो बेड नहीं मिलने के कारण दो लोगों की मौत के मामले भी सामने आए थे। मेडिकल कॉलेज के ट्राएज एरिया में पहले 10 बेड थे, मरीजों को परेशानी ना हो, इसलिए कॉलेज के ट्राएज को दो दिन पहले 15 बेड का कर दिया था। लेकिन, रविवार को इस ट्राएज के सभी 15 बेड खाली ही रहे। रविवार को 190 संक्रमित ही निकले।

## धीरे-धीरे सुधर रहा रिकवरी रेट... 11 मई से लगातार सुधार की ओर




## ग्रामीण कोविड सेंटर खुलने का भी बड़ा असर.... मेडिकल कॉलेज का लोड कम हुआ



मेडिकल कॉलेज के ट्राएज एरिया के बेड रविवार को 64 दिन बाद खाली हो गए। यहां मरीजों का प्राथमिक उपचार किया जाता है।

## 3 बड़े कारण... इसलिए कॉलेज में बनी ऐसी तस्वीर

1. मेडिकल कॉलेज में 60 ऑक्सीजन बेड बढ़ा दिए गए हैं, इससे नए मरीज भर्ती करने के लिए जगह मिली है।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड सेंटर खोले गए हैं, असर ये हुआ कि मेडिकल कॉलेज में लोड कम हो गया है। कम लक्षण वाले मरीज ग्रामीण में ही है।
3. जिले में 8 दिन से लगातार पॉजिटिव कम हो रहे हैं, अब ठीक होने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा है, ऐसे में मेडिकल कॉलेज में धीरे-धीरे मरीज कम होने की उम्मीद कर सकते हैं।

## पहली बार ऐसा हुआ

*मेडिकल कॉलेज का ट्राएज एरिया रविवार को पूरी तरह खाली हो गया। दूसरी लहर में ऐसा पहली बार हुआ है। दो दिन पहले ही ट्राएज में 5 बेड बढ़ाए थे, अभी 15 बेड का है। रविवार को किसी को वेटिंग नहीं करना पड़ी, जो अच्छी बात है।*

**डॉ. जितेंद्र गुप्ता**, डीन, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

## मरीजों को इंतजार ना करना पड़े, ये प्राथमिकता

*मरीजों को इंतजार ना करना पड़े, ये हमारी प्राथमिकता है। ट्राएज एरिया में बेड खाली हुए हैं, तत्काल मरीज भर्ती हो सकेंगे। हालांकि, अभी कॉलेज के आईसीयू और एचडीयू में मरीजों का लोड कम नहीं हुआ है। यहां हमारा फोकस है, इंतजाम कर रहे हैं। धीरे-धीरे सब कुछ अच्छा होगा।*

**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर, रतलाम

दै. भास्कर
17-5-2021

# स्टीम ऑन व्हील, कोरोना वॉलेंटियर्स को मौके पर भाप देगी, मोबाइल वैन को दी हरी झंडी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-5-21

संक्रमण को रोकने के लिए पूरे शहर में सेवा दे रहे कोरोना वॉलेंटियर्स को कोरोना से बचाने के लिए भाप तैनाती या ड्यूटी स्थल पर ही मिल जाएगी। सेवादारों और सरकारी कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था की है जन अभियान परिषद ने। मैं कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान में खुशी एक पहल संस्था ने खास तौर पर स्टीम ऑन व्हील मोबाइल वैन बनाई है।

शनिवार रात स्टीम ऑन व्हील को कलेक्टोरेट से उच्च शिक्षा मंत्री और जिला कोविड प्रभारी डॉ. मोहन यादव, शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष हरीश जोशी ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी कर रहे कोरोना वॉरियर्स 7747870418 पर फोन करके वैन बुला सकते हैं। उनके कर्तव्य स्थल पर जाकर वैन भाप देगी। जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, शैलेंद्रसिंह सिसौदिया, अमन माहेश्वरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, मयूरेश व्यास आदि उपस्थित रहे।


स्टीम ऑन व्हील को झंडी दिखाकर रवाना करते डॉ. यादव, विधायक काश्यप व अन्य।

दै. भास्कर 17-5-2021

# कोरोना वारियर को एक काल पर मिलेगी भाप लेने की सुविधा


## 'मैं कोरोना वालेंटियर' अभियान के तहत स्टीम आन व्हील मोबाइल वैन की शुरुआत

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मैं कोरोना वालेंटियर्स अभियान के अंतर्गत खुशी एक पहल संस्था द्वारा कोरोना वारियर्स को ड्यूटी स्थल पर भाप देने के लिए स्टीम आन व्हील मोबाइल वैन शुरू की गई है। शनिवार रात कलेक्टोरेट में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव, शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा द्वारा किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार और समाज के सामूहिक प्रयत्नों से कोरोना नियंत्रण हो रहा है, इस दिशा में जन अभियान परिषद का ये प्रयास सार्थक होगा। संस्था अध्यक्ष हरीश जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी कर रहे कोरोना वारियर्स को उनके कर्तव्य स्थल पर ही भाप देने की व्यवस्था मोबाइल वेन के द्वारा की जायेगी। संस्था के हेल्पलाइन नंबर 7747870418 पर काल कर वेन को बुलाया जा सकता है। इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, प्रगति नेचुरल के शैलेंद्रसिंह सिसौदिया, अमन माहेश्वरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, मयूरेश व्यास, यज्ञेश व्यास, भूपेंद्र गहलोत, निखिलेश सोनी, मुस्तफा मंसूरी, मोनू अग्रवाल, वात्सल्य माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।


मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव, शहर विधायक चेतन्य काश्यप आदि। • नईदुनिया

17-5-21



### शहर में मैजिक वाहनों से होगी सब्जी की आपूर्ति

रतलाम। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मैजिक वाहनों के माध्यम से सब्जी की आपूर्ति व्यवस्था शीघ्र की जा रही है। नागरिकों को सब्जी क्रय करने में सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से शहर के विभिन्न वार्डों में निर्धारित मैजिक वाहनों के माध्यम से यह व्यवस्था प्रारंभ होगी। इसमें सब्जियों की दर तथा निर्धारित वजन के सब्जियों के पैकेट की व्यवस्था भी की जाएगी।

नई दुनिया
17-5-2021

## बारिशः जीएमसी से मरीजों के परिजनों को विधायक सभागृह में पहुंचाया

रतलाम। मौसम में आए अचानक परिवर्तन और तेज हवा तथा वर्षा के कारण मेडिकल कॉलेज परिसर में मौजूद मरीजों के परिजनों को वहां की गई अस्थाई व्यवस्था से बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में शिफ्ट किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर विधायक सभा गृह में परिजनों के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज परिसर के समीप मौजूद परिजनों को विधायक सभागृह में सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है, ताकि मौसम में आ रहे परिवर्तन के कारण उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।



## शाम को बारिश...शहर तरबतर

रतलाम । रविवार को दोपहर बाद से बादल छाने लगे थे। इसके बाद तेज हवाओं चली और इसके साथ ही रिमझिम भी शुरू हो गई और यह रिमझिम झमाझम में बदल गई। करीब 4 बजे से शुरू हुई तेज बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। शहर की सड़कें भीग गई । करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक चली तेज झमाझम ने तेज गर्मी से राहत दी। इसके बाद ठंडी हवाएं चलने लगी जिससे लोगों ने राहत महसूस की हैं। मौसम विभाग के अनुसार हवाओं के चलते मौसम में परिवर्तन हो रहा है और प्रदेश में रिमझिम हो रही हैं। नव भारत

नव-भारत 17-5-2021


# ताऊ ते इफेक्ट... सावन के सेरों सी दस्तक, इस साल समय पर आ सकता है मानसून

### प्री-मानसून एक्टिविटी इस बार पंद्रह दिन पहले ही शुरू हुई, 5 में से 4 साल 28 जून के पहले मानसून पहुंचा है रतलाम, केरल में मानसून टकराने के करीब 23 दिन बाद आता है रतलाम

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

गुजरात में आए साइक्लोन ताऊ ते का असर रतलाम में भी दिखा है। रविवार को शहर में 1 घंटे तेज बारिश हुई। तेज हवा के कारण कहीं डीपी गिर गई तो कहीं, बिजली भी गुल हुई। मौसम में यह बदलाव नमी के कारण हुआ। इधर इस साल रतलाम में 28 जून के पहले मानसून पहुंचने के आसार बने हैं, ये अच्छा भी है क्योंकि, 5 में से 4 साल मानसून 28 जून के पहले आया है, हमारा कोटा भी आसानी से पूरा हो गया।

भारतीय मौसम विभाग ने 31 मई को मानसून केरल में पहुंचने की बात कही है। 4 दिन कम या ज्यादा हो सकते हैं। इधर, केरल पहुंचने के औसतन 23 दिन बाद रतलाम में मानसून आ जाता है। यदि कोई सिस्टम प्रभावित नहीं करता है, तो इस मान से 28 जून के पहले ही मानसून की दस्तक रतलाम में हो सकती है। हमारे जिले में प्री-मानसून एक्टिविटी होने लगी है, पिछले साल मई के अंत से ऐसा हुआ था। पिछले साल 1 जून को केरल में मानसून ने दस्तक दी थी। रतलाम में 23 जून को मानसून आया था।



मेडिकल कॉलेज का तंबू भीगने से मरीजों के परिजन को विधायक सभागृह शिफ्ट किया गया।


### शाम 4.30 बजे शुरू हुई तेज बारिश, हवा 6 किमी प्रति घंटा

इधर, रविवार को शाम 4.30 बजे शहर में तेज बारिश शुरू हो गई। 6 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। इधर, यह बारिश मेडिकल कॉलेज के बाहर टेंट में बैठे लोगों के लिए मुसीबत बनी। प्रशासन ने सभी को विधायक सभागृह में पहुंचाया।

### मौसम वैज्ञानिक बोले - इस साल सामान्य ही रहेगी बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि नमी से मौसम बदला है। दो से तीन दिन हल्की बारिश संभव है। मानसून केरल पहुंचने के करीब 20 दिन बाद मध्यप्रदेश में आता है। इस साल समय पर मानसून रहेगा, बारिश भी सामान्य होगी।

### कब कितनी हुई बारिश




### यादगार 2019.... 13 साल बाद आया था, ऐसा मानसून

- 2019 में मानसून केरल पहुंचने के 24 दिन बाद 2 जुलाई को रतलाम आया था।
- 6 जुलाई तक बूंदाबांदी रही, इसके बाद निष्क्रिय हो गया, 20 जुलाई तक बारिश नहीं हुई। उम्मीद टूटने लगी थी।
- जुलाई अंत से बारिश का ऐसा दौर शुरू हुआ कि 15 अगस्त तक ही 90 फीसदी कोटा पूरा हो गया। ऐसा 10 साल बाद हुआ था।
- अक्टूबर अंत तक जिले में 69 इंच बारिश हुई थी, 2006 के बाद ये सबसे ज्यादा है।

### केरल में कब-कब आया मानसून

| वर्ष | केरल | रतलाम |
|---|---|---|
| 2009 | 23 मई | 29 जून |
| 2010 | 31 मई | 1 जुलाई |
| 2011 | 29 मई | 23 जून |
| 2012 | 5 जून | 21 जून |
| 2013 | 1 जून | 7 जून |
| 2014 | 6 जून | 15 जुलाई |
| 2015 | 5 जून | 13 जून |
| 2016 | 8 जून | 25 जून |
| 2017 | 30 मई | 24 जून |
| 2018 | 29 मई | 28 जून |
| 2019 | 8 जून | 2 जुलाई |
| 2020 | 1 जून | 23 जून |

दै. भास्कर
17-5-2021

# कई जगह साइन बोर्ड, पेड़ व बिजली पोल गिरे

## दिनभर तेज गर्मी के बाद शाम को तेज बारिश, मौसम का सबसे गर्म दिन रहा, उमस बढ़ी



रतलाम में रविवार शाम तेज बारिश के दौरान आवाजाही करते हुए बाइक सवार। ●नईदुनिया 17-5-21



आंधी से रतलाम में कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हो गए। ●नईदुनिया



आंधी से क्षतिग्रस्त [illegible]



आंधी से क्षतिग्रस्त होकर गिरा ट्रांसफार्मर। ●नईदुनिया

नई दुनिया
17.5.2021

**लगन** • बगीचे की देखभाल में जो युवा कुछ समय दे पाते थे, वे अब कोरोना कर्फ्यू के चलते ज्यादा समय दे रहे हैं

# मुक्तिधाम के सामने खाली पड़ी जमीन की साफ-सफाई कर पौधे लगाकर युवा संवार रहे बगीचे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जवाहर नगर स्थित मुक्तिधाम के सामने खाली पड़े स्थान को बगीचे का रूप दिया गया। लगभग एक साल पहले यहां पौधरोपण किया गया था। इसके बाद क्षेत्र के कुछ लोगों ने मिलकर इन पौधों को जीवित रखने का संकल्प लिया। उनका यह संकल्प आज एक हरे-भरे बगीचे के रूप में विकसित हो रहा है।

जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने खुली जमीन पड़ी थी। यहां लोग कचरा फैंकने के साथ ही गंदगी भी पसरी रहती थी। लगभग एक-डेढ़ साल पहले जनप्रतिनिधि की मदद से यहां पौधरोपण के साथ ही लोहे की जालियां लगा दी गई थीं ताकि जानवर पौधों को नुकसान नहीं पहुंचाए। बगीचा का रूप देने के साथ ही नल की व्यवस्था भी की गई ताकि समय-समय पर पौधों को पानी दिया जा सके। क्षेत्र के कुछ लोगों ने मिलकर इस बगीचे को जीवित रखने का संकल्प लिया। यह सभी प्रतिदिन इन पौधों का ध्यान रखने के साथ ही पानी दे रहे हैं। इनकी मेहनत रंग लाई और जो पौधे यहां लगाए गए थे वे अब पेड़ के रूप में विकसित हो चुके हैं। बगीचे में हरियाली छाने लगी है। वर्तमान समय में कोरोना महामारी के चलते ऑक्सीजन की कमी के चलते सभी को पौधे लगाने व उसे जीवित रखने का आह्वान किया जा रहा है।

**श्रमदान :** जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने की पहल, फलदार पौधे भी लगाए



जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जमीन पर बगीचे को संवारते हुए क्षेत्र के युवा।

**सभी तरह के पौधे लगाए हैं**

यहां पीपल, नीम, करंज, ईमली, केला, जामुन, आंवला, आम, बड़, खजूर, सीताफल, जामफल, नारियल सहित अन्य तरह के पौधे लगाए गए हैं। यह पौधे अब पेड़ का रूप ले रहे हैं। तीन-चार फीट की दूरी पर लगाए गए पौधों को प्रतिदिन नल के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। साथ ही टैंकर के माध्यम से भी पौधों को पानी दिया जाता है।

## एक डेढ़ साल से पौधों की देखरेख में युवा जुटे

क्षेत्र के विजेंद्रसिंह पंवार ने बताया कि पहले यहां कचरा व गंदगी रहती थी। पूर्व में यहां पौधे लगाए गए थे लेकिन ध्यान नहीं देने के कारण पौधे मरने के साथ ही कुछ लोगों ने उन्हें जला भी दिए थे और बचे हुए को जानवरों ने नष्ट कर दिए। लगभग एक-डेढ़ साल से पौधे लगा कर उनकी देखरेख क्षेत्र के युवाओं की मदद से की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के युवा कुछ समय सुबह व कुछ समय शाम को देते थे लेकिन अभी कोरोना कर्फ्यू होने के कारण सभी युवा घर पर ही हैं। अधिकांश समय इस बगीचे को संवारने में लगे हुए हैं। यहां सुनील ओटवाल, नीतेश यादव, हेमंत कौशल, गोपी, विकास तिवारी सहित अन्य युवा प्रतिदिन सेवा दे रहे हैं।

17-5-2021

# बिना कारण घूम रहे 50 व्यक्तियों को पकड़ा...सैंपलिंग में एक पॉजिटिव



रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी के निर्देश पर रविवार को प्रशासन एवं पुलिस की टीम ने शहर में बेवजह घूमने वाले

**▸ लोकेन्द्र टॉकिज पर बनाई अस्थाई जेल में रखा**

लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान 50 व्यक्तियों को पकड़कर लोकेन्द्र टॉकीज परिसर में बनाई अस्थाई जेल में दिन भर रखा गया।

अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, सभी पुलिस थाना प्रभारी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर बिना वजह घूम रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि इस दौरान 50 व्यक्तियों को पकड़ा गया जो बिना किसी कारण के शहर में घूम रहे थे। इन्हें लोकेंद्र टाकिज परिसर में बनाई गए अस्थाई जेल में भेजा गया। यहां सभी की सैंपलिंग की गई। सैंपलिंग में एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया, जिसे कोविड. केयर सेंटर भेजा गया। श्री गहलोत ने बताया कि बिना किसी कारण के घूमने वाले लोगों के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि गली मोहल्लों में समूह बनाकर बैठने और अकारण घूमने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा कोविड रोकथाम के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत शहर में कोरोना कर्फ्यू भी लगा है और वाहन निकलने पर पाबंदी लगाई गई हैं। लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपने और परिजनों की चिंता न करते हुए बेवजह घुमा जा रहा हैं।

## स्वस्थ्य होने पर मेडिकल कॉलेज से 30 डिस्चार्ज हुए

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर रविवार को 30 व्यक्ति अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के स्टाफ को धन्यवाद दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 45 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है, एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 83 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 491 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती हैं इनमें 329 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 59 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 6376, डिस्ट्रीब्यूटेड 1437, कन्ज्यूम्ड 4711, करंट स्टाक 228 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

मध्य भारती 17-5-2021

# कोरोना कर्फ्यू में बेवजह घूम रहे 50 लोगों को अस्थायी जेल

## कोरोना का टेस्ट भी लिया, पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर एक को कोविड सेंटर रवाना किया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-5-21

कोरोना कर्फ्यू के दौरान बेवजह घूमने वाले लोगों के खिलाफ रविवार को कार्रवाई की गई। विभिन्न चौराहों पर जांच की गई जहां बेवजह घूमने वाले लोगों को पकड़ा गया और अस्थायी जेल भेजा गया। जहां इनके सैंपल लिए। अलग-अलग स्थानों से करीब 50 लोगों को पकड़ा गया और लोकेंद्र टॉकीज की अस्थायी जेल में इन्हें रखा और यहां इनके सैंपल लिए। पॉजिटिव आई है जिसे कोविड सेंटर में भेजा गया है।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया शहर में कोरोना कर्फ्यू चल रहा है। इससे घर से बाहर निकलने पर भी पाबंदी लगाई गई है। इसके बावजूद लोग बेवजह घूमते मिले हैं। इन्हें हमने अस्थायी जेल भेजने के साथ ही इनके कोरोना के टेस्ट कराए हैं। आगे भी यह कार्रवाई की जाएगी और बेवजह घूमने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सैंपलिंग में एक व्यक्ति



लोकेंद्र भवन में अस्थायी जेल में बैठे पकड़े गए लोग।

बताया कि बिना किसी कारण के बताया कि गली मोहल्लों में समूह

# देवरादेवनारायण नगर अलकापुरी व वेदव्यास कॉलोनी में कंटेनमेंट टूटे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-5-21

कोरोना संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए प्रशासन प्रभावित लोगों के क्षेत्र में माइक्रो कंटेनमेंट बना रहा है परंतु रहवासी प्रशासन का सहयोग नहीं कर रहे हैं। कंटेनमेंट एरिया के बैरिकेड्स तोड़कर आ जा रहे हैं। शनिवार को वेदव्यास कॉलोनी, अलकापुरी, देवरादेवनारायण नगर, पिपलौदा थानाक्षेत्र के आंबा में कंटेनमेंट तोड़ने पर दीनदयाल नगर, रतलाम आईए और पिपलौदा थाने में चार प्रकरण दर्ज किए हैं। इससे पहले तेजा नगर और ब्राह्मणों का वास में कंटेनमेंट टूटने पर माणकचौक थाने में प्रकरण दर्ज हुआ है।

### आंबा के कोविड केयर सेंटर से मरीज भागा

वेदव्यास कॉलोनी में 12 मई को अलकापुरी और देवरा देवनारायण नगर में 13 और 14 मई को माइक्रो कंटेनमेंट बनाया था। निरीक्षण के दौरान तीनों कंटेनमेंट के बैरिकेड्स टूटे मिले। नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने दीनदयाल नगर और औद्योगिक क्षेत्र थानों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया है। तेजानगर और ब्राह्मणों का वास में कंटेनमेंट टूटे मिलने पर शनिवार को माणकचौक थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। आंबा के माध्यमिक शाला भवन को कोविड केयर सेंटर बनाया है। तबीयत खराब होने पर बामनघाटी निवासी पीरूलाल चारेल को केयर सेंटर भिजवाया था जहां से वह भाग गया।

दै. भास्कर
17-5-2021

# बारिश की शुरुआत के साथ 36 में से 20 फीडर बंद, आधे से ज्यादा शहर की बिजली हुई बंद, उमस ने बेचैन किया

### पांच पोल, दो ट्रांसफार्मर गिरे, ऑफिसर कॉलोनी में पेड़ गिरने से पोल गिरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-5-21

रविवार शाम को हुई बारिश के साथ ही आधे शहर की बिजली बंद हो गई। शहर में 36 ट्रांसफार्मरों के जरिए बिजली की सप्लाई होती है लेकिन बारिश और हवा के साथ ही इसमें से 20 ट्रांसफार्मर बंद हो गए और शहर की बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई। आधे घंटे में इन ट्रांसफार्मरों से सप्लाई शुरू हुई। लेकिन चार ट्रांसफार्मरों की बिजली सप्लाई ढाई घंटे तक ठप रही। इससे लोग भीषण गर्मी में परेशान होते रहे। बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन की मरम्मत की तब कहीं जाकर बिजली चालू हो पाई।



फव्वारा चौक पर गिरा ट्रांसफार्मर।

शाम को बारिश शुरू हुई। इसके दस मिनट बाद तेज आंधी चलना शुरू हो गई। इससे पेड़ गिरने से त्रिवेणी रोड पर चार पोल और ऑफिसर कॉलोनी में एक पोल नीचे गिर गया। वहीं फव्वारा चौक पर तो एक ट्रांसफार्मर ही नीचे गिर गया। वहीं इंडस्ट्रियल एरिया में भी एक ट्रांसफार्मर धराशायी हो गया। इधर पॉवर हाउस रोड केनरा बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर से भी 15 मिनट तक चिंगारी निकली। इसी के साथ ही बिजली बंद हो गई। इसके बाद बिजली कंपनी के कर्मचारी पहुंचे और मरम्मत शुरू की। बिजली कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री विनय प्रतापसिंह ने बताया पेड़ गिरने से पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। अधिकतर इलाकों की तो आधे घंटे में बिजली चालू कर दी थी। ट्रांसफार्मर गिरने से चार ट्रांसफार्मर में दिक्कत आई थी।

पत्रिका
17-5-21

**तूफान का असर...** शहर सहित अंचल में भी रात तक जारी रही बारिश, पेड़ धराशायी तो बिजली रही गुल

# सूरज ने दिन में उगली आग, शाम को झमाझम

# मुक्तिधाम में बारिश से बुझी चिताएं

## मेडिकल कॉलेज के बाहर पंडाल में ठहरे मरीज के परिजनों को बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में किया शिफ्ट

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
petrika.com

रतलाम. तौकते तूफान का असर रविवार की शाम रतलाम में नजर आया। यहां दिनभर सूरज ने जमकर आग उगली तो शाम होते ही मौसम में अचानक से करवट ली और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश का दौर शुरू हो गया। आधे घंटे से अधिक समय तक चली बारिश ने सब कुछ तरबतर करके रख दिया। बारिश के चलते भक्तन की बावड़ी क्षेत्र में होने वाले कोरोना पॉजिटिव और संदिग्ध शवों के अंतिम संस्कार के बाद जलती चिताएं बुझ गई थी जिसे मुक्तिधाम में काम करने वाले लोगों द्वारा फिर से सूखी लकड़ियां डालकर जलाया गया।

तेज हवा और बारिश के चलते मेडिकल कॉलेज के बाहर लगा टेंट उड़ने लगा तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस बीच अचानक से तेज बारिश का दौर भी शुरू हो गया। मौसम में अचानक से बदलाव को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने तत्काल मोर्चा संभाला और मेडिकल कॉलेज के बाहर टेंट में ठहरे लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए तैयारी शुरू कर दी। शहर के चौराहों पर खड़ी पुलिस बसों को मेडिकल कॉलेज लाया गया और यहां बाहर ठहरे मरीज के परिजनों



तेज बारिश के चलते मुक्तिधाम में खुले में जल रही चिताएं भी बुझ गई।

### 43.6 डिग्री तापमान

बीते 2 दिनों से फिर से तापमान में अचानक से वृद्धि होने लगी थी जिसके चलते रविवार को दिन का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया जबकि शनिवार की रात का तापमान 27.2 डिग्री रहा। इसके 2 दिन पूर्व मौसम में थोड़ी गिरावट आई थी और दिन का तापमान 39 डिग्री के करीब पहुंच गया था लेकिन बीते 2 दिनों से फिर से इसमें वृद्धि होना शुरू हो गई थी जिसके बाद रविवार को दिन में सूरज आग उगलता नजर आया है लेकिन शाम को बारिश ने इसे ठंडा कर दिया।





### रेलवे में कर्मचारियों को आज से टीका लगेगा

रेलवे में सोमवार से टीकाकरण फिर से शुरू होगा। मंडल रेल प्रबंधक विनीत गुप्ता ने बताया घटला डिसेंपरी व अधिकारी क्लब में 45 वर्ष से अधिक उम्र केलिए टीका लगेगा। इसके अलावा मंडल के चित्तौड़गढ़ में 18 वर्ष से उपर सभी रेल कर्मचारियों को टीका लगेगा।

### कल किया था निरीक्षण

मानसून के नजदीक आने के चलते पंडाल में सेवा दे रहे लोगों द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तक जानकारी भिजवाई थी जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत और सीएसपी हेमंत चौहान मौके पर पहुंचे थे और यहां व्यवस्था में जुटे लोगों से चर्चा भी की थी। उसके बाद समाजसेवी गोविंद काकानी सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने कई स्थानों का निरीक्षण किया था जिससे कि मरीज के परिजनों को ज्यादा परेशान ना होना पड़े लेकिन आसपास में बेहतर व्यवस्था नहीं होने पर सभी को बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में शिफ्ट करने का निर्णय लिया था और भोजन के लिए जानकी मंडप को बेहतर विकल्प माना था। एक दिन पूर्व की इस तैयारी

# 6 क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट तीन दिन से बंद, लोग परेशान



**रतलाम** | 6 क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट तीन दिन से बंद है। लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम को भी की लेकिन अब तक लाइट चालू नहीं हो पाई है। मराठों का वास, कुम्हारों का वास, भाटो का वास, हाट रोड, मोमिनपुरा चौराहा, कुरैशी मंडी सहित आसपास के क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट बंद है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बैलूत ने बताया तीन दिन से अंधेरे में लोग रह रहे हैं लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। ईद के दिन भी यही स्थिति रही और स्ट्रीट लाइट बंद रही। भा.

दै. भास्कर
17-5-2021

# गड्ढे में फंसा वज्र वाहन



रतलाम. शहर में लॉक डाउन के बीच सीवरेज का काम भी चल रहा है लेकिन सीवरेज का काम करने वाली फर्म वापस उस स्थान में भराई और पूर्व की तरह करने की बजाय ऐसे ही छोड़ रही है। इस वजह से रविवार को शहर में हुई थोड़ी सी बारिश के दौरान दो बत्ती क्षेत्र में किए गए सीवरेज के काम से खोदी गई सड़क में पानी भर गया। इसी दौरान उधर से पुलिस का वज्र वाहन गुजरा तो उसके पहिये उसमें फंस गए और वाहन जहां की तहां खड़ा हो गया। पत्रिका 17-5-21

पत्रिका
17-5-2021

# भीड़ को देखते हुए कलेक्टर ने काउंटर बंद कराए थे, आज आखिरी तारीख

## ग्राहकों के पेनॉल्टी चुकाने को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-5-21

बिजली कंपनी और नगर निगम के भुगतान काउंटरों पर लगी भीड़ को देखते हुए कलेक्टर ने 17 मई तक काउंटर बंद करवा दिए थे। लेकिन जिन उपभोक्ताओं ने जलकर और बिजली का बिल जमा नहीं कराया है उन्हें पेनॉल्टी चुकाना है या नहीं। इसको लेकर अब तक ना तो बिजली कंपनी फैसला ले पाई है और ना ही नगर निगम कोई फैसला ले पाई है। जबकि आज बिल जमा कराने की आखिरी तारीख है। वहीं कलेक्टर ने भी काउंटर 17 मई तक बंद करवाए थे। ऐसे में लोगों में अभी भी असमंजस है कि पेनॉल्टी माफ होगी या नहीं। इधर जिम्मेदारों का कहना है कि पेनॉल्टी को लेकर फैसला मुख्यालय स्तर पर होता है।

एक सप्ताह पहले कलेक्टर गुजरे तो उन्हें भीड़ नजर आई थी। वहीं लोगों से भी जानकारी मिली थी कि कोरोना कर्फ्यू के बाद भी बिजली बिल भुगतान काउंटर और नगर निगम के जल काउंटर खुले हैं और इन पर भीड़ लग रही है। वहीं सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने आदेश जारी कर ऑफलाइन काउंटर बंद करवा दिए थे। इस दिन नगर निगम के जलकर के साथ ही बिजली कंपनी के बिल भरने की आखिरी तारीख थी।

### उपभोक्ता 22 तक जमा करा सकते हैं बिजली का बिल

बिजली कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री विनय प्रतापसिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा कराने की आखिरी तारीख 9 से 17 के बीच थी। वे पांच दिन बिल जमा करा सकते हैं। कोरोना कर्फ्यू चल रहा है। इससे उपभोक्ता बिल जमा करा सकते हैं। जो उपभोक्ता ऑफलाइन बिल जमा कराते हैं यदि काउंटर खुल भी जाएंगे तो वे कोरोना कर्फ्यू में बिल जमा कराने कैसे पहुंचेंगे क्योंकि वे घर से बाहर निकलेंगे तो पुलिस कार्रवाई करेगी। इससे काउंटर भले ही खुल जाएं लेकिन वे बिल जमा नहीं करा पाएंगे। इधर नगर निगम ने पेनॉल्टी पर फैसला नहीं लिया है। यानी काउंटर खुलते भी हैं तो जलकर जमा नहीं करा पाए उन्हें पेनॉल्टी देना होगी।

दै. भास्कर

17-5-2021

# खाद्यान्न पर्ची के लिए 150 परिवारों के आवेदन भरवाए



खाद्यान्न पर्ची के आवेदन भरवाती हुई पूर्व पार्षद नजमा कैलूत। ● नईदुनिया

17-5-21

रतलाम। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 46, 47, 15 एवं 16 में खाद्यान्न पर्ची के लिए 150 परिवारों के आवेदन भरवाए गए। कोरोना संक्रमण के बीच लाकडाउन के कारण जिन गरीब परिवारों को पात्रता पर्ची नहीं होने राशन नहीं मिल रहा है, उनकी मदद के लिए वार्ड नंबर 46 की पूर्व पार्षद नजमा इक्का कैलूत सामने आईं। आवेदन भरवाकर हितग्राहियों को जोन तीन अमृत सागर उद्यान भेजा। इस मौके पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए कांग्रेस नेता इक्का कैलूत ने गाइड लाइन का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

नई दुनिया

17-5-2021